Book Ad Any category of Classified and get
**Special Discount**
Times of India/ Hindustan Times/ Dainik Jagran / Amar Ujala/ Navbharat Times Hindustan Hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

- **Year-** 17 **Issue-** 36
  Ghaziabad, Sunday, 01 February- 2026
- 01 February to 07 February- 2026
- **Page:** 8

- **RNI.No:** UPBIL/2009/28691
- **DAVP Code:** 101473
- **Editor:** Dheeraj Kumar
- **Mob.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.in
Email: editor@tbam.co.in


## हाई कोर्ट ने यूपी पुलिस को लगाई जबरदस्त फटकार, कहा-

# दंड अदालत देगी, पुलिस नहीं



**टीबीसी संवाददाता**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले से उत्तर प्रदेश पुलिस के पूरे तंत्र को ही कठघरे में खड़ा कर दिया है। वैसे यह आदेश केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश की पुलिस व्यवस्था के लिए चेतावनी वाली घंटी है। न्यायमूर्ति अरुण कुमार देशवाल की एकल पीठ ने पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त को गंभीर चोट पहुंचने के मामलों में छह सूत्रीय सख्त दिशा निर्देश जारी करते हुए साफ कर दिया कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा तय दिशा-निदेशों का उल्लंघन हुआ तो जिला पुलिस प्रमुखों पर अवमानना की सीधी तलवार लटकेगी। यह फैसला उस समय आया है जब उत्तर प्रदेश में तथाकथित आधी मुठभेड़ यानि हॉफ एनकाउंटर का चलन पुलिस की पहचान बनता जा रहा था। न्यायालय ने दो टूक शब्दों में कहा कि प्रशंसा, पदोन्नति या सामाजिक माध्यम पर वाहवाही के लालच में किसी भी पुलिस अधिकारी को न्यायपालिका की भूमिका निभाने की छूट नहीं दी जा सकती। हम आपको बता दें कि न्यायालय ने अपने आदेश में पुलिस की कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कई मामलों में पुलिस अधिकारी बिना किसी वास्तविक आवश्यकता के आग्नेयास्त्र का प्रयोग करते हैं और अभियुक्त के घुटने के नीचे गोली मार कर उसे अपाहिज बना देते हैं। इसे आम बोलचाल में आधी मुठभेड़ कहा जाता है। यह न तो कानून है और न ही न्याय। यह सीधा सीधा सत्ता का दुरुपयोग है। न्यायालय ने यह भी नोट किया कि अनेक मामलों में पुलिस दल का कोई भी सदस्य घायल नहीं होता, जिससे यह सवाल उठता है कि गोली चलाने की आवश्यकता और अनुपातिकता आखिर थी ही क्यों? हम आपको बता दें कि यह आदेश सर्वोच्च न्यायालय के उस ऐतिहासिक फैसले की पृष्ठभूमि में आया है, जो पीपल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले में दिया गया था। उस फैसले में मुठभेड़ की स्वतंत्र, निष्पक्ष और प्रभावी जांच के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश तय किए गए थे। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अब पुलिस के लिए स्पष्ट रास्ता तय कर दिया है। यदि किसी सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंचती है और मुठभेड़ होती है, जिसमें पुलिस की गोली से अभियुक्त या कोई अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होता है, तो उसी थाने या पास के थाने में प्राथमिकी दर्ज करना अनिवार्य होगा।



# Editorial

## India-Europe 'Mother Deal'

Finally, India and the European Union have made history together. Nearly 19 years of deliberation, uncertainty, and questions have ended, and the two democratic powers have agreed on a 'Mother Deal'. The agreement has been signed, and the documents exchanged. Prime Minister Modi and European Commission President Ursula von der Leyen announced this most comprehensive 'Free Trade Agreement' (FTA), laying the foundation for a new world order. It can be considered comprehensive and transformative for the world order because, for the first time, a population of over 1.93 billion will be covered under an FTA. The combined Indian and European economies account for 25 percent of the world's GDP, and one-third of global trade takes place between them, with a target set to increase this to 40 trillion rupees by 2032. The European Union is the world's second-largest economy (combining 27 countries), and India is the fourth largest; therefore, this truly is a 'Mother Deal'. This FTA provides a significant, constructive, and dignified response to US President Trump's 'tariff bullying'. Furthermore, by setting the goal of making India an 'innovation and manufacturing hub' parallel to China, it also challenges Chinese dominance. Therefore, this is indeed the 'Mother of all Trade Deals'. Around 1700 European companies are currently operating in China. Could they now shift to India? The strong possibility has emerged. It is noteworthy that when this FTA is implemented in all 27 European countries in 2027, more than 99 percent of Indian products and goods will either be 'tariff-free' or subject to concessional duties. For example, olive oil, vegetable oil, optical instruments, machinery, chemical and surgical equipment, pharmaceuticals (especially generic medicines), textiles, gems and jewelry, leather and footwear, chocolates, pasta, and many more items are included in this long list. Most products and equipment have been designated as 'tariff-free'. The goal is also to increase Indian exports to the European market, worth approximately $2 trillion, to $300 billion by 2030. This could significantly boost the business profits of micro, small, and medium enterprises (MSMEs) in Maharashtra, Karnataka, Gujarat, Andhra Pradesh, Tamil Nadu, Kanpur, and Agra. European Commission President Ursula von der Leyen revealed that a decision has been made to eliminate taxes exceeding 4 billion euros.

Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

# "I'll touch his feet," Punjab Kings' new signing Vishal Nishad reveals his humble celebration plan for Virat Kohli's wicket



**New Delhi.** Punjab Kings' newest addition, Vishal Nishad, is all set to make his mark as he prepares for his Indian Premier League (IPL) debut this year. During the pre-season camp in Udaipur, the 20-year-old engaged in a candid conversation with the team, giving insight into his journey and experiences that shaped him.

A massive fan of Virat Kohli, Nishad spoke about how the former Indian captain inspired him to take up the sport. "My idol is Virat Kohli. I am inspired by his attitude and his drive; he's my favorite," Nishad said. However, with the prospect of facing his idol on the pitch, Nishad was asked how he would celebrate if he managed to take Kohli's wicket. "If I take his wicket, I'll touch his feet because he's my idol," he replied, displaying the unique blend of ambition and humility that defines the Punjab Kings spirit.

A standout product of a local T20 league and as testament to perseverance, Nishad joined the Kings, following a journey marked by grit and family sacrifice. "There were tough times. I used to go with my father and help him [with work]. I even thought I'd quit cricket," Nishad recalled. "My mother told me to leave it and learn something else because becoming a cricketer is so difficult. But I didn't give up. I told her, 'Mom, I will definitely do it.' Once they saw my resolve, my family stood behind me." Originally a tennis-ball player, Vishal was prompted to transition to professional cricket by a friend who was impressed by his natural 'ball throwing' skills. "Initially, I played tennis-ball cricket. A friend watched me throw and suggested to try the leather ball because he liked my action. After that, I decided to practice seriously. That's how it all started," he revealed.

He added, "My coach didn't charge me fees for three years. Eventually, I played in a local T20 tournament in Uttar Pradesh and performed well. After two years of playing in the tournament, I landed up here (with Punjab Kings)."

Explaining his choice to become a bowler, Nishad noted how his background in tennis-ball cricket played a pivotal role, "As I was practicing with the tennis ball initially, I got used to making it spin. I adapted my tennis-ball skills to the leather ball, which played a major role in me becoming a bowler."

# Australia's Pat Cummins misses T20 World Cup; squad revised



**Sydney.** Australia has suffered a major setback ahead of the ICC Men's T20 World Cup with star fast bowler Pat Cummins ruled out of the tournament due to a back injury, Cricket Australia confirmed on Saturday.

Cummins has not fully recovered from the injury and will miss the global event, scheduled to be held in India and Sri Lanka from February 7. Top-order batter Matthew Short has also been dropped from the original 15-member squad.

Left-arm pacer Ben Dwarshuis and batter Matthew Renshaw have been included in the revised squad. National selector Tony Dodemaide said the changes were made keeping in mind player fitness and conditions expected during the tournament.

"With Pat needing more time to recover from his back injury, Ben is a ready replacement who offers a left-arm pace option, strong fielding, and late-order hitting," Dodemaide said.

He added that Dwarshuis's ability to swing the ball at a good pace and use variations would suit sub-continent conditions.

On Renshaw's inclusion, Dodemaide said the left-hander has impressed across formats in recent times and provides additional middle-order depth, especially with spin-heavy conditions expected in Sri Lanka during the pool stages.

"Matt has performed well in various roles in white-ball cricket for Australia, Queensland, and the Brisbane Heat. His left-handed batting also gives the middle order a point of difference," he said.

Australia will be led by Mitchell Marsh at the T20 World Cup as they look to reclaim the title they last won in 2021. Australia squad: Mitchell Marsh (captain), Xavier Bartlett, Cooper Connolly, Tim David, Ben Dwarshuis, Cameron Green, Nathan Ellis, Josh Hazlewood, Travis Head, Josh Inglis, Matthew Kuhnemann, Glenn Maxwell, Matthew Renshaw, Marcus Stoinis, Adam Zampa.

# "More to learn about leadership," Brook says after nightclub controversy

**Pallekele (Sri Lanka).** England white-ball captain Harry Brook has issued a fresh apology over a nightclub incident during last year's New Zealand tour, admitting he still has "more to learn" about the off-field responsibilities of leadership.

Brook's statement came following England's win in the opening T20I against Sri Lanka, as the 25-year-old sought to clarify his earlier comments regarding the incident in Wellington in October.

"I accept responsibility for my actions in Wellington and acknowledge that others were present that evening," Brook said. "I regret my previous comments, and my intention was to protect my teammates from being drawn into a situation that arose as a result of my own decisions."

He added that the episode had highlighted areas for personal growth.

"I recognise that I have more to learn regarding the off-field responsibilities that come with leadership and captaincy. I remain committed to developing in this area and to improving both personally and professionally," Brook said.

The incident occurred on the eve of England's third One-Day International against New Zealand in Wellington last October, when Brook was involved in an altercation outside a nightclub and was struck by a bouncer. Brook had initially stated that he was alone at the time, but it later emerged that teammates Jacob Bethell and Josh Tongue were also present. The matter was subsequently referred to the Cricket Regulator, which is investigating the conduct of all three players. Brook has already been fined USD 41,076, the maximum penalty permitted, and issued a final warning over his behaviour off the field.

England is currently touring Sri Lanka in the build-up to the ICC Men's T20 World Cup, scheduled to begin on February 7.

# श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय की छात्रा 'उर्वशी महेदिया' ने किया जिले का नाम रोशन



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान संस्कृति उत्सव-2026 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें संगीत की विभिन्न विधाओं का, विभिन्न स्तरों पर आयोजन किया गया। बहुत हर्ष का विषय है कि श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय की छात्रा उर्वशी महेदिया ने शास्त्रीय (कत्थक) नृत्य में मंडल स्तर पर विजेता बन विद्यालय का एवं जिला गाज़ियाबाद का नाम रोशन किया। 'उत्तर प्रदेश पर्व-हमारी संस्कृति हमारी पह्चान ' के अंतर्गत इसका पहला चरण- तहसील स्तरीय प्रतियोगिता, गाज़ियाबाद,कविनगर रामलीला ग्राउंड जानकी सभागार में तथा दूसरा चरण- जनपद स्तरीय प्रतियोगिता, लोहिया नगर स्थित हिन्दी भवन में आयोजित किया गया। दोनों ही स्तरों में विद्यालय की छात्रा उर्वशी महेदिया विजयी रही और फिर अगले चरण -मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भातखंडे संस्कृति विश्विद्यालय, लखनऊ में प्रतिभाग किया। वहाँ अपनी शानदार कत्थक नृत्य प्रस्तुति कर,सभी प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए उर्वशी महेदिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इतना ही नहीं इसके पश्चात सभी विजेताओं को 'राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल', हरदोई रोड बसंत कुंज लखनऊ पर प्रस्तुति प्रस्तुत करने का और सम्मानित होने का अवसर प्राप्त हुआ। विद्यालय की संगीत विभागाध्यक्ष रचना वार्ष्णेय के निर्देशन में उर्वशी महेदिया निरंतर नयी उपलब्धियाँ प्राप्त कर रही है। मंडल स्तर पर विजेता रहीं उर्वशी का विद्यालय में जोरदार स्वागत किया गया और प्रधानाचार्या पूनम शर्मा, प्रबंधक ज्ञान प्रकाश गोयल जी एवं प्रबंध समिति के अन्य सदस्यों ने छात्रा को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दीं और उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। यहाँ आपको अवगत करा दें कि उर्वशी पिछले अनेक वर्षों से गंधर्व संगीत महाविद्यालय गाज़ियाबाद,में कत्थक नृत्य की शिक्षा ले रही हैं। उर्वशी पहले भी अनेक पुरस्कार जीत चुकी हैं, यहाँ तक की टीवी पर डान्स शो में प्रतिभाग कर चुकी हैं।

# गाजियाबाद में मांस विक्रय प्रतिष्ठानों को खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन के निर्देश

**गाजियाबाद (टीबीसी)।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने अपने कार्यालय ज्ञाप पत्र के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि मा० मंत्री इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी (आई.टी.) विभाग उ.प्र. सरकार श्री सुनील कुमार शर्मा जी की समीक्षा बैठक दिनांक-23.01.2026 में मा० मंत्री जी द्वारा खोडा नगर पालिका क्षेत्र में मांस विक्रय दुकानों द्वारा बिना खाद्य लाईसेन्स / पंजीकरण प्राप्त किये संचालित किये जाने तथा खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 के विनियमों के अन्तर्गत निर्धारित मानकों के अनुसार संचालन नही किये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है। खाद्य पदार्थ मांस का निर्धारण खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं तत्सम्बन्धी विनियमों तथा भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा उच्च जोखिम वाले खाद्य पदार्थों की श्रेणी में किया गया है। अतः यह आवश्यक है कि जनपद में आम जनमानस को शुद्ध, सुरक्षित एवं स्वास्थ्यप्रद खाद्य पदार्थ मांस की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु खाद्य पदार्थ मांस के विक्रय प्रतिष्ठानों का संचालन खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं तत्सम्बन्धी विनियमों द्वारा निर्धारित मानको के अनुसार किया जाये।

अतः जनपद गाजियाबाद में खाद्य पदार्थ मांस की समस्त विक्रय प्रतिष्ठानों को निर्देशित किया जाता है कि वे सात दिवसों में अपने खाद्य पदार्थ मांस के कारोबार का संचालन खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं तत्सम्बन्धी विनियमों द्वारा निर्धारित मानको के अनुसार करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में जनस्वास्थ्य के दृष्टिगत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने जनता दर्शन में सुनी जन शिकायतें

## त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिये आदेश

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की गयी। जिलाधिकारी द्वारा की जा रही जनसुनवाई में प्रार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रार्थियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना व समझा गया। उन्होने प्रार्थियों से जाना कि उनके द्वारा पूर्व में भी इस सम्बंध में कोई प्रार्थना पत्र दिया गया था अथवा नहीं। उन्होने सभी प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का पूर्ण गुणवत्ता के साथ समाधान कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आयी शिकायतों को शत–प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं। उन्होने कहा कि





स्थलीय निरीक्षण योग्य शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं, इसके साथ ही सभी शिकायतों के निस्तारण उपरान्त शिकायतकर्ता से उसका फीडबैक लेना भी सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु अधिकारी सदैव तत्पर रहें।

जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को शासन के मंशा अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने तथा जमीन से संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं जाने के निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि विरासत के आधार पर आवेदित शस्त्र लाइसेंस आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जा रहा है। अब तक विरासत के आधार पर आवेदित शस्त्र लाइसेंस आवेदनों जिनमें पुलिस एवं तहसील की जाँच आख्यायें प्राप्त होकर समस्त औपचारिकताएँ पूर्ण हो चुकी थी, को जिलाधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है। विरासत के आधार पर आवेदित शस्त्र लाइसेंस आवेदनों के सम्बन्ध में आवेदक किसी भी कार्यदिवस में शस्त्र अनुभाग, कलेक्ट्रेट गाजियाबाद में सम्पर्क कर सकते है तथा शस्त्र लाइसेंस सम्बन्धी प्रकरणों में किसी भी प्रकार की शिकायत/असुविधा होने पर अधोहस्ताक्षरी से सम्पर्क किया जा सकता है।

जनसुनवाई के दौरान एडीएम सिटी, एडीएम एफ/आर, एडीएम ई, एडीएम जे, जिला सूचना अधिकारी उपस्थित रहे।



# भूगर्भ जल संरक्षण को लेकर नगर निगम, कॉलेज के छात्र-छात्राओं को टीएसटीपी प्रोजेक्ट का करा रहा है भ्रमण

## इंजीनियरिंग तथा मास्टर ऑफ साइंस के विद्यार्थियों का निगम के चल रहे प्रोजेक्ट से बढ़ेगा ज्ञानः नगर आयुक्त

टीबीसी संवाददाता



**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशन में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा कॉलेज के विद्यार्थियों को जागरूक करने की नई पहल प्रारंभ की गई है जिसमें इंजीनियरिंग तथा मास्टर ऑफ साइंस के छात्र-छात्राओं को निगम के चल रहे प्रोजेक्ट पर भ्रमण कराते हुए प्रोजेक्ट की संपूर्ण जानकारी दी जा रही है, इसी क्रम में पहले दिन आईएमएस कॉलेज के एमएससी बायोटेक के 50 छात्र छात्राओं को इंदिरापुरम में चल रहे 40 एम एल डी के टीएसटीपी प्लांट पर भ्रमण कराया गया मौके पर निगम की एक्सपर्ट टीम द्वारा भूगर्भ जल संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई तथा प्रोजेक्ट के हेड इंजीनियर तरुण राज द्वारा विद्यार्थियों को जल की शोधित प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से बताया गया जिसमें आर ओ तथा अल्ट्रा फिल्टर के माध्यम से किस प्रकार सीवर के पानी का ट्रीटमेंट किया जाता है और उपयोगी बनाया जाता है जानकारी दी गई वर्तमान में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा भूगर्भ जल संरक्षण को बढ़ावा देते हुए साहिबाबाद औद्योगिक इकाइयों को जलापूर्ति की जा रही है बताया गया। मुहिम के अंतर्गत गाजियाबाद नगर निगम छात्र-छात्राओं को निगम के कार्यों की संपूर्ण जानकारी दी जा रही है शहर हित के साथ-साथ पर्यावरण हित के लिए भी नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया जा रहा है सिविल इंजीनियर मैकेनिकल इंजीनियर के विद्यार्थियों द्वारा निगम के चल रहे प्रोजेक्ट तथा कार्यों की जानकारी से जागरूक होने के उपरांत शहर में भी असर दिखाई देगा, योजना बनाते हुए शहर के इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों को निगम के प्रोजेक्ट पर भ्रमण कराया जा रहा है, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, वायु गुणवत्ता सुधार, भूगर्भ जल संरक्षण व अन्य को ध्यान में रखते हुए चल रहे कार्यों के बारे में शहर वासियों को जागरूक किया जा रहा है जिसमें छात्रों के माध्यम से जन-जन तक स्वच्छता और शहर की सुंदरता को बेहतर करने के लिए हो कार्यों की जानकारी दी जाएगी, स्वच्छता को अपनाने के लिए हर घर को जागरूक किया जा रहा है। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि स्टूडेंट जितना बेहतर सीखने की क्षमता रखते हैं उससे ज्यादा समझाने की क्षमता और कला भी रखते हैं जिसको ध्यान में रखते हुए गाजियाबाद के कॉलेज के छात्रों को निगम के चल रहे प्रोजेक्ट के भ्रमण हेतु अवसर दिया गया है, गाजियाबाद नगर निगम के प्रोजेक्ट न केवल विद्यार्थियों के लिए जानकारी का माध्यम बनेंगे बल्कि पर्यावरण हित तथा शहर हित में चल रहे कार्यों को भी जन-जन तक पहुंचने में सहयोग करेंगे, विद्यार्थियों के जागरूक होने पर हर घर जागरूक होगा तथा शहर में स्वच्छता और सुंदरता के साथ-साथ भूगर्भ जल संरक्षण भी आदत में शामिल होगा निगम की मुहिम आने वाले समय में बेहतर परिणाम लेकर आएगी, नगर आयुक्त द्वारा निगम की टीम को शुभकामनाएं दी गई, निगम की एसबीएम टीम मौके पर उपस्थित रही, निगम की एक्सपर्ट टीम से तारूशी द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को निगम के चल रहे बायोडायवर्सिटी पार्क, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली के बारे में भी जानकारी दी गई।


## जीडीए ने इंदिरापुरम क्षेत्र में प्राधिकरण के आवंटित भूखण्डों को कराया अतिक्रमण मुक्त





टीबीसी संवाददाता

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण एवं अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने के क्रम में आज दिनांक 30.01.2026 को प्रभारी प्रवर्तन जोन-06 के नेतृत्व में इंदिरापुरम क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा आवंटित भूखण्डों पर अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान यह पाया गया कि इंदिरापुरम क्षेत्र स्थित प्राधिकरण के आवंटित भूखण्ड संख्या एस.के.-03/552ए, 698 तथा ए.के.-1/सी-01 एवं सी-02 पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से झुग्गी-झोपड़ियाँ डालकर कब्जा किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा पुलिस बल के सहयोग से त्वरित एवं संयुक्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान समस्त अवैध अतिक्रमण को हटाते हुए उक्त भूखण्डों को पूर्ण रूप से कब्जामुक्त कराया गया। यह संपूर्ण कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न की गई, जिसमें किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। अतिक्रमण हटाने के उपरांत सभी भूखण्डों को सुरक्षित कर दिया गया है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा स्पष्ट किया गया है कि प्राधिकरण की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा अथवा अतिक्रमण किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। भविष्य में भी इस प्रकार के मामलों में सख्त एवं निरंतर कार्रवाई की जाती रहेगी।



# जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनी जन समस्याऐं, अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के आदेश

## जनपद में कहीं ही सरकारी भूमि पर ना हो अवैध कब्जा, आरोपियों के विरूद्ध की जाएं सख्त कार्रवाई: जिलाधिकारी



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की गयी। जिलाधिकारी द्वारा की जा रही जनसुनवाई में प्रार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, दिव्यांगजन कल्याण विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला आपूर्ति विभाग, पशु पालन विभाग, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रार्थियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना व समझा गया। उन्होने प्रार्थियों से जाना कि उनके द्वारा पूर्व में भी इस सम्बंध में कोई प्रार्थना पत्र दिया गया था अथवा नहीं। उन्होने सभी प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का पूर्ण गुणवत्ता के साथ समाधान कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आयी शिकायतों को शत–प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं। उन्होने कहा कि स्थलीय निरीक्षण योग्य शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं, इसके साथ ही सभी शिकायतों के निस्तारण उपरान्त शिकायतकर्ता से उसका फीडबैक लेना भी सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु अधिकारी सदैव तत्पर रहें।

जनता दौरान के दौरान लोनी में सरकारी भूमि( गौशाला, मीरपुर हिन्दू ) पर अवैध कब्जा सहित अन्य क्षेत्रों में भी अवैध कब्जा करने वालों के द्वारा सरकारी भूमि का दुरूपयोग करने के मामले संज्ञान में आएं। जिलाधिकारी ने एसडीएम लोनी को उक्त कब्जा करने वाले आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए भूमि को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में कहीं भी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा नहीं होना चाहिए। जहां भी ऐसा मामला संज्ञान में आता है तो उक्त के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी।

जिलाधिकारी ने जनसामान्य की शिकायतों को सुनकर उनके त्वरित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

जनता दर्शन के दौरान उपस्थित जन सामान्य की शिकायतों को एक -एक व्यक्तियों से सुन कर संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर, शासन के मंशा अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने तथा जमीन से संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं जाने के निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि यदि आपकी भी कोई शिकायत है तो जनता दर्शन में स्वयं उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र उपलब्ध करा सकते हैं, इस बात का ध्यान रखे कि सर्वप्रथम सम्बन्धित अधिकारी को अवगत कराएं। यदि समाधान नहीं हो रहा है तो जिलाधिकारी कार्यालय में जनता दर्शन में आएं। जनसुनवाई के दौरान एडीएम ई ज्योति मौर्या, एडीएम सिटी विकास कश्यप, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने शातिर वाहन चोर को किया गिरफ्तार

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए कार चोरी की घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई डक्अ रङ्ल्ली३ कार, फर्जी नंबर प्लेट और चोरी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 24 जनवरी 2026 को थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में आदर्श कॉलोनी बिहारीपुरा से KIA Sonet (रजिस्ट्रेशन संख्या UP25EM2833) चोरी होने की सूचना प्राप्त हुई थी। इस पर थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम गठित की गई।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मैनुअल इनपुट के आधार पर जांच करते हुए दिनांक 29 जनवरी 2026 को मुखबिर की सूचना पर क्रॉसिंग गोल चक्कर, चित्रावन सोसायटी के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कादिर उर्फ आदिल पुत्र मजहर अली उर्फ बब्बू, उम्र लगभग 30 वर्ष, निवासी कस्बा पठानन, थाना फेज-2, गौतमबुद्धनगर (हाल पता–फिरोजाबाद) के रूप में हुई है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की



गई कार, दो टूटी हुई नंबर प्लेट और पाइप रिंच बरामद की गई। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि वह पूर्व में भी कई जिलों में चोरी के मामलों में जेल जा चुका है और हाल ही में जेल से छूटने के बाद आर्थिक तंगी के कारण चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। पुलिस से बचने के लिए वह वाहन की नंबर प्लेट हटा देता था।

पुलिस द्वारा बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी करते हुए अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। अभियुक्त का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है, जिसमें विभिन्न थानों में करीब 14 आपराधिक मामले दर्ज पाए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वाहन चोरी पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# बाल शिक्षा केंद्र, कनावनी में गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा का आयोजन

## 'स्टे वॉर्म' परियोजना के तहत 130 कंबल व कैप का वितरण



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बाल शिक्षा केंद्र, कनावनी में आज गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012 की परियोजना 'स्टे वॉर्म' के अंतर्गत रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली लेगेसी ने आरएचएएम के सहयोग से विद्यालय के बच्चों को 130 कंबल एवं कैप वितरित किए। कार्यक्रम में रोटेरियन मधु गोयल, वी. एन. त्यागी, अजय कुमार, रवि भटनागर एवं राजेश गोयल की विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए सेवा कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई। यह मानवीय पहल जिला गवर्नर अमिता मोहेंद्रु एवं रोटेरियन अनिल मोहेंद्रु के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य कड़ाके की ठंड में जरूरतमंद बच्चों को सुरक्षित एवं गर्म रखना है। परियोजना के सफल क्रियान्वयन में आरएचएएम के संस्थापक एवं अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. धीरज भार्गव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बाल शिक्षा केंद्र, कनावनी निर्धन एवं वंचित बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर प्रेरणादायक कार्य कर रहा है।



## मूवी रिव्यू -मदार्नी 3

# रानी के मजबूत कंधों पर टिकी मदार्नी 3

## एक ज्वलंत मुद्दे को ईमानदारी से उठाती मदार्नी 3

**रेटिंग: 4 स्टार**





बॉक्स ऑफिस पर पर इस फिल्म से पहले आई इस सीरीज की पिछली दोनों फिल्में हिट साबित हुई और इन्हीं दोनों फिल्मों को टिकट खिड़की पर मिली जबरदस्त कामयाबी के साथ साथ क्रिटिक्स से मिली तारीफों ने बैनर और फिल्म की लीड एक्ट्रेस रानी को सीरीज की तीसरी फिल्म बनाने को प्रेरित किया। पिछले दिनों दिल्ली आई रानी ने एक सवाल के जवाब में बताया था मुझे ऐसे प्रोजेक्ट पर काम करना कुछ ज्यादा ही पसंद रहा है तभी तो लंबे अरसे के बाद मैने अपनी टीम के साथ इस प्रोजेक्ट पर काम करने का फैसला किया। इन दिनों जब तीन से साढ़े तीन घंटे की फिल्में रिकॉर्ड बिजनेस कर रही है ऐसे में करीब दो घंटे की इस फिल्म को हर और से तारीफे मिल रही है तो इसकी एक वजह फिल्म की किसी हुई स्क्रिप्ट के साथ साथ स्टार्ट टू लास्ट फिल्म की ऐसी कहानी है जो आपको पर्दे के साथ बांध सा देती है। रानी को साधुवाद कि उन्होंने ऐसे सब्जेक्ट पर फिल्म बनाई जिसे टिकट खिड़की के मापदंड पर कमजोर माना जाता है लेकिन यह फिल्म एक इसी परफेक्ट फिल्म है जो स्टार्ट टू लास्ट आप को फिल्म के हर किरदार के साथ बांधती है

मेरी नजर रानी में रानी की इस फ्रैंचाइजी की स्टोरी दोनों फिल्मों से कुछ हद तक अलग और नया पन लिए हुए है पिछली दोनों फिल्मों से कुछ हट कर बनी यह फिल्म छोटी बच्चियों पर हो रहे अपराध, उनकी सुरक्षा के साथ पुलिस की एक साफ बेदाग इमेज भी सामने रखती है वरना हिंदी फिल्मों में तो पुलिस को विलेन बना कर पेश किया जाता है । डायरेक्टर ने फिल्म की शुरूआत से ही फिल्म का माहौल गंभीर रखा है ऐसे सब्जेक्ट पर बनने वाली फिल्म के लिए यह जरूरी भी है।

### स्टोरी प्लॉट

एन आई ए की टीम की अधिकारी शिवानी (रानी मुखर्जी) को एक हाई-प्रोफाइल किडनैपिंग केस दिया जाता है। एक उच्च अधिकारी की बेटी और घर की नौकरानी की भी बेटी अचानक गायब हो जाती हैं। यह केस शिवानी को जल्द से जल्द सुलझाना इस लिए भी जरूरी है इस समय अलग अलग इलाकों से करीब आठ से तेरह साल की नब्बे से ज्यादा लड़कियां भी गायब हो चुकी लापता हैं। शिवानी को केस की जांच के दौरान पता चलता है इसके पीछे एक संगठित मानव तस्करी गिरोह भी शामिल है हाथ है। एक के बाद एक इन बड़े खुलासों के बाद शिवानी अपनी जांच का दायरा बढ़ाती है और फिल्म की कहानी एक ऐसे मोड पर आ जाती है जिसकी किसी ने कल्पना तक नहीं की थी, इंटरवल के बाद फिल्म की रफ़्तार इस कदर तेज है कि आपका ध्यान स्क्रीन से एक पल भी अगर हटता है तो आप बहुत कुछ मिस कर जाते है ।

### एक्टिंग

पिछली दोनों फिल्मों की तरह यह फिल्म भी रानी के आसपास ही घूमती है लेकिन इस बार रानी का किरदार पिछली दोनों फिल्मों से ज्यादा व्यापक है यही वजह है कि रानी ने फिल्म की शूटिंग शुरू होने से पहले करीब बीस दिन एक वर्कशॉप अटेंड की। रानी के फेस एक्सप्रेशन हर पल बदलता है चाहे वो केस की जांच का तनाव हो या कुछ और खासकर , गुस्से वाले दृश्यों में रानी की स्थिति और हर दृश्य में रानी का अपने किरदार पर कंट्रोल और स्क्रीन-प्रेजेंस गजब है। रानी ने एक पुलिस ऑफिसर की थकान, उसके अंदर छिपी मानवीय भावनाएं इन सभी को बेहतरीन ढंग से पेश किया है।

**मल्लिका प्रसाद (अम्मा):** इस फिल्म में मल्लिका प्रसाद ने विलेन अम्मा के किरदार को पूरे शिद्दत से निभाया है। मल्लिका ने फिल्म में अपने हर दृश्य को बहुत प्रभावी ढंग पेश किया है। फिल्म में उसकी मौजूदगी इस कदर जानदार है कि रानी और मल्लिका के बीच के दृश्य फिल्म को और जानदार बनाते है। शैतान वश आदि फिल्मों के बाद इस फिल्म में जानकी बोड़ीवाला अहम रोल में हैं। जानकी फिल्म में शिवानी की टीम का हिस्सा होती हैं और अपने हर सीन में पूरी तरह फिट दिखती हैं। फिल्म के अन्य कलाकारो ने भी अपने अपने किरदार को अच्छे ढंग से निभाया हैं।

### ओवर ऑल

निर्देशक अभिराज मीनावाला की फिल्म पर अच्छी पकड़ है उन्होंने कहानी को भटकने नहीं दिया और फिल्म की रफ्तार ठीक है कहानी को उन्होंने ट्रैक पर रखा है। इंटरवल से पहले फिल्म की रफ़्तार कुछ धीमी है लेकिन फिल्म का क्लाइमेक्स चौंकाने वाला हैं।

### क्यों देखे

अगर आप रानी मुखर्जी के फैन है और सच्चाई से सामना कराती फिल्में पसंद करते हैं तो 'मदार्नी 3' मिस नहीं करे।

**कलाकार:** रानी मुखर्जी, जानकी बोड़ीवाला, मल्लिका प्रसाद आदि निमार्ताः आदित्य चोपड़ा, निर्देशकः अभि राज मीनावाला, सेंसरः यू ए, अवधिः 126 मिनट।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन समिति, कोल्ड वेव व सिटी हीट वेव एक्शन प्लान की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न





**टीबीसी संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आपदा प्रबंधन समिति एवं सिटी हीट वेव एक्शन प्लान (CHAP) तैयार किए जाने के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को आपदा की अवधारणा से अवगत कराते हुए बताया कि आपदा प्राकृतिक अथवा मानवकृत कारणों, दुर्घटना या उपेक्षा से उत्पन्न ऐसी गंभीर घटना होती है, जिससे जीवन, संपत्ति, पर्यावरण एवं आजीविका को व्यापक क्षति पहुंचती है तथा जिसका सामना समुदाय अपने सीमित संसाधनों से नहीं कर पाता।

समीक्षा के दौरान बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को चेतावनी दी गई। तीनों विकास प्राधिकरणों से वरिष्ठ अधिकारी, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी अथवा विशेष कार्याधिकारी की उपस्थिति नहीं रही। पुलिस विभाग, मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी के अनुपस्थिति पर कड़े निर्देश दिए।

आपदा कभी भी किसी स्तर पर आ सकती है और तैयारी बहुत महत्वपूर्ण होती है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पिछली माह की आयोजित बैठक की अनुपालन आख्या लिखित रूप में आज रात को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायेंगे, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। यह भी निर्देश दिए कि संबंधित प्राधिकरणों एवं पुलिस विभाग को इस आशय का पत्र प्रेषित किया जाये कि आगामी बैठक में संबंधित विभागाध्यक्षों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी द्वारा दिसम्बर में हुई बैठक के निर्देश को दोहराया कि शीतलहर के दृष्टिगत राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि गौतमबुद्धनगर एक औद्योगिक जनपद है, जहां बड़ी संख्या में बाहरी श्रमिक कार्यरत हैं। ऐसे में पर्याप्त रैन बसेरे, अलाव, स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, प्रकाश एवं उचित तापमान की व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। नगर निकायों, विकास प्राधिकरणों, ग्राम विकास विभाग एवं पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से रात्रि भ्रमण टीमें गठित कर खुले में सो रहे व्यक्तियों को रैन बसेरों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

सभी विकास प्राधिकरणों को निर्देशित किया गया कि जनपद की समस्त बहुमंजिला इमारतों की अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुरूप जांच कराई जाए तथा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। पूर्व में दिए निरीक्षण दिसम्बर व जनवरी में दिए निर्देश की रिपोर्ट अभी तक नहीं आने पर नाराजगी भी व्यक्त की। साथ ही समस्त खतरनाक एवं बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठानों की भी विस्तृत अग्नि सुरक्षा जांच कराने के निर्देश पुनः दिए गए।

जिलाधिकारी ने रोड सेफ्टी के क्रम में सड़कों के गड्ढों की मरम्मत, डिवाइडर सुधार, रोड मार्किंग, जेब्रा क्रासिंग, गतिरोधक, रेडियम रिफ्लेक्टर, प्रकाश बिंदुओं की मरम्मत तथा दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षात्मक उपाय तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

सभी वाहनों पर चेतावनी रेडियम स्टीकर लगाए जाने तथा जन जागरूकता पर विशेष बल देने को कहा गया। नवंबर से पेंडिंग 152 हॉट स्पॉट व 35 ब्लैक स्पॉट पर हुई बचाव करवाई की रिपोर्ट अर्थोरिटियों द्वारा अभी तक नहीं दिए जाने को अंतिम अवसर दिया।

# मेरा युवा भारत ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी एवं जागरूकता रैली का आयोजन

**टीबीसी संवाददाता**









**गाजियाबाद।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में मेरा युवा भारत द्वारा देशभर के सभी राज्यों की राजधानियों एवं जिला मुख्यालयों पर 25 जनवरी से 30 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मेरा युवा भारत, हापुड़ द्वारा चौधरी महेंद्र सिंह डिग्री कॉलेज में संगोष्ठी एवं मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की ट्रस्टी डॉ. रेणुका चौधरी, डॉ. हरीश कुमार शर्मा, डॉ. विजयवीर सिंह एवं तुषार वर्मा द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'मेरा भारत, मेरा वोट के संदेश के साथ लोकतांत्रिक प्रक्रिया में युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। यह एक राष्ट्रीय स्तर की युवा जागरूकता एवं सहभागिता पहल है, जिसका विशेष फोकस प्रथम बार मतदान करने वाले युवाओं को जागरूक, नैतिक एवं सक्रिय मतदाता के रूप में प्रेरित करना है। इसके अंतर्गत युवाओं को मतदान के महत्व के प्रति संवेदनशील बनाना, मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता विवरणों में सुधार हेतु प्रेरित करना तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ करना शामिल रहा। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन मेरा युवा भारत के उपनिदेशक देवेंद्र कुमार के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि 'व्यक्तिगत स्तर पर मतदान लोकतंत्र को सशक्त एवं जीवंत बनाए रखने का हमारा अधिकार है, वहीं देश में प्रजातंत्र को बनाए रखने के लिए यह हमारा कर्तव्य भी है।'

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण प्रथम बार मतदान करने वाले युवाओं प्रिया, पलक, शिवानी एवं प्रिंस चौहान द्वारा अपने प्रथम मतदान के अनुभव साझा करना रहा, जिसमें उन्होंने इसे गर्व, उत्साह एवं जिम्मेदारी का प्रतीक बताया। इस अवसर पर माय भारत द्वारा प्रथम बार मतदाता बने युवाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत, हापुड़ के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक श्री तुषार वर्मा ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को मेडल, टोपी तथा अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने निर्भीक, निष्पक्ष एवं जागरूक मतदान की शपथ ली। कार्यक्रम के समापन अवसर पर 'मेरा भारत, मेरा वोट' के संदेश के साथ एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसने पूरे वातावरण को लोकतांत्रिक ऊर्जा से भर दिया।

इस अवसर पर चौधरी रेणुका सिंह, प्राचार्य डॉ. हरीश कुमार शर्मा, डॉ. विजयवीर सिंह, पंकज शर्मा, प्रेरणा वर्मा, सौरभ तोमर, विजेंद्र कुमार, तुषार वर्मा, अमित मलिक, मलका परवीन सहित महाविद्यालय के समस्त सहायक आचार्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# डिस्ट्रिक्ट 3012 परियोजना 'स्टे वॉर्म' के अंतर्गत 400 कंबल एवं कैप का वितरण








**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012 की निरंतर चल रही डिस्ट्रिक्ट 3012 परियोजना 'स्टे वॉर्म, जो कि जिला गवर्नर डॉ. अमिता मोहिन्दु के नेतृत्व में तथा इएमयू लाइन्स प्राईवेट लिमिटेड के उरफसहयोग (कुल 2000 कंबल एवं कैप का वितरण) से संचालित की जा रही है, के अंतर्गत एक सफल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत कम्पोज़िट स्कूल, साबुता, जेवर के विद्यार्थियों को 400 कंबल एवं 400 कैप वितरित किए गए। यह कार्यक्रम रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन द्वारा आरएचएएम फाउंडेशन के सहयोग से तथा 12 रोटरी क्लबों के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ, जिसका नेतृत्व रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर एवं रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रन ने किया।




**सहयोगी रोटरी क्लबः** रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सनरेज, गाजियाबाद ग्रीन, गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, इंदिरापुरम परिवार, दिल्ली लेगेसी, दिल्ली प्रीत विहार, सोनीपत एजुकेशन सिटी, हापुड़ प्लेटिनम एवं हापुड़ एलीट।

कार्यक्रम में विशेष रूप से डॉ. अमिता मोहींद्रू, जिला गवर्नर-3012, रोटेरियन मनीषा भार्गव, जिला चेयर, रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन, रोटेरियन राजेश गोयल एवं रोटेरियन अजय चौधरी, रोटरी क्लब दिल्ली लेगेसी, रोटेरियन संदीप इंदोरिया (रोटरी क्लब इंदिरापुरम गैलोर), रोटेरियन दयानंद शर्मा, सचिव, आरएचएएम फाउंडेशन उपस्थित रहे।

विद्यालय की ओर से श्रीमती अर्चना शिरोमणि, खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद राशिद, एवं प्रधानाचार्य एवं समस्त विद्यालय स्टाफ का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। यह परियोजना सर्दियों के मौसम में जरूरतमंद एवं वंचित विद्यार्थियों को राहत प्रदान करने हेतु जिला स्तर पर निरंतर संचालित की जा रही है। इस वितरण कार्यक्रम का समन्वय डॉ. धीरज के. भार्गव, डिस्ट्रिक्ट क्लब कोऑर्डिनेटर के सहयोग से किया गया।

# गुरुग्राम में खुला नेचुरोपैथी और एक्यूपंक्चर का Rejua Energy Oasis, MLA बिमला चौधरी ने किया शुभारंभ

**टीबीसी संवाददाता**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया और सशक्त अध्याय जुड़ गया है। Rejua Energy Oasis का भव्य शुभारंभ हरियाणा की लोकप्रिय विधायक श्रीमती बिमला चौधरी के करकमलों द्वारा किया गया। इस विशेष वेलनेस सेंटर की स्थापना प्रसिद्ध एक्यूपंक्चर एवं नेचुरोपैथी विशेषज्ञ संतोष पांडेय ने की है, जहां मरीजों के लिए 1 दिन, 2 दिन और 5 दिन के विशेष हीलिंग पैकेज उपलब्ध कराए गए हैं।




Rejua Energy Oasis में कमर दर्द, घुटनों का दर्द, त्वचा रोग, गैस, सूजन, इंफ्लेमेशन, फ्रोजन शोल्डर, माइग्रेन, साइनस, सिर दर्द सहित कई पुरानी और जटिल बीमारियों का प्राकृतिक और समग्र उपचार किया जाएगा। यहां इलाज से पहले डॉक्टर नाड़ी देखकर बीमारी की पहचान करते हैं और उसी आधार पर उपचार पद्धति तय की जाती है।

सेंटर में दिन की शुरूआत योग, ध्यान और हर्बल चाय से होती है। इसके बाद मरीज की समस्या के अनुसार मड थेरेपी, हॉट और ड्राई कपिंग, इंफ्रारेड थेरेपी, शिरोधारा, बस्ती, अदरक का लेप, मालिश और स्टीम थेरेपी जैसी प्रभावशाली उपचार विधियों से इलाज किया जाता है। उद्घाटन समारोह के दौरान संतोष पांडेय ने मुख्य अतिथि टछअ बिमला चौधरी को एक्यूपंक्चर का लाइव डेमो देकर बताया कि सुई से दर्द नहीं होता, बल्कि दर्द से राहत मिलती है।

मीडिया के सामने किए गए इस लाइव डेमो में एक पत्रकार, जिनका हाथ कई वर्षों से ऊपर नहीं उठ पा रहा था, उन्हें तुरंत राहत मिलती दिखाई दी। इस अवसर पर विधायक बिमला चौधरी ने Rejua Energy Oasis की सराहना करते हुए कहा, 'संतोष पांडेय जी बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। मैं इन्हें इस नेक पहल के लिए बधाई देती हूं और आशा करती हूं कि यह सेंटर लोगों की सेहत के लिए इसी तरह प्रभावी कार्य करता रहेगा।' कार्यक्रम में अभिनेत्री, मॉडल व इंफ्लुएंसर एकता जैन भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उनकी नाड़ी देखकर उपचार किया गया, जिसके बाद उन्होंने कहा, 'संतोष पांडेय जी वाकई कमाल हैं, इनकी सुई में जादू है।'इस मौके पर बेंगलुरु से आए प्रसिद्ध न्यूमरोलॉजिस्ट गौतम आजाद ने भी संतोष पांडेय को शुभकामनाएं दीं। साथ ही एडवोकेट राजपाल गुलिया, राजिंदर ड्रल्ल, सरपंच कुलदीप वशिष्ठ, अमित कटारिया, जोगिंदर जी, अशोक श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे। Rejua Energy Oasis का उद्देश्य प्राकृतिक, सुरक्षित और समग्र चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से लोगों को स्वस्थ, संतुलित और तनावमुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना है।



# जेवर ब्लॉक के सात कंपोजिट विद्यालयों को माइक्रोस्कोप परीक्षण उपकरण का दान

## रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के अंतर्गत विज्ञान शिक्षा सशक्तिकरण की पहल




**टीबीसी संवाददाता**

**जेवर।** रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन (RHAM) के अंतर्गत फ्लुअट फाउंडेशन एवं 12 रोटरी क्लबों के सहयोग से विज्ञान शिक्षा को सुदृढ़ करने हेतु एक संयुक्त शैक्षिक परियोजना का सफल आयोजन किया गया। इस पहल के अंतर्गत जेवर खंड के सात कंपोजिट विद्यालयों को माइक्रोस्कोप परीक्षण उपकरण प्रदान किए गए, जिससे विद्यार्थियों में प्रायोगिक शिक्षा को बढ़ावा मिले और विद्यालयों की प्रयोगशाला सुविधाएं सशक्त हो सकें।

इस परियोजना में रोटेरियन मयंक भार्गव, रोटेरियन सुंदीप अग्रवाल, रोटेरियन मनीषा भार्गव एवं रोटेरियन प्रतीक भार्गव का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। परियोजना का नेतृत्व रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर एवं रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रन द्वारा किया गया। सहयोगी क्लबों में रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सनरेज, गाजियाबाद ग्रीन, गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, इंदिरापुरम परिवार, दिल्ली लेगेसी, दिल्ली प्रीत विहार, सोनीपत एजुकेशन सिटी, हापुड़ प्लेटिनम एवं हापुड़ एलीट शामिल रहे। कार्यक्रम में जिला गवर्नर डॉ. अमिता मोहिंद्रु, फ्लुअट फाउंडेशन के संस्थापक एवं चेयर डॉ. धीरज के. भार्गव, जिला चेयर RHAM रोटेरियन मनीषा भार्गव, रोटेरियन राजेश गोयल एवं रोटेरियन अजय चौधरी (रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली लेगेसी), रोटेरियन संदीप इंदोरिया (रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर) तथा रोटेरियन दयानंद शर्मा (सचिव, RHAM फाउंडेशन) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विद्यालय प्रशासन का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर श्रीमती अर्चना शिरोमणि, खंड शिक्षा अधिकारी (BEO) मो. राशिद, ARP हरेंद्र शर्मा, प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिकाएँ – विश्वास देव, प्रवीण अत्री, अशोक शर्मा, वंदना सैनी, विमलेश, अर्चना शर्मा, प्रियमवदा, स्नेहा गुप्ता, पूनम कुमारी एवं गिरिजा शर्मा उपस्थित रहीं। इसके साथ ही पंकज शर्मा (समाजसेवी) एवं समस्त विद्यालय स्टाफ का भी सराहनीय योगदान रहा।

यह पहल रोटरी की शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने, वैज्ञानिक सोच को विकसित करने तथा सामुदायिक सेवा परियोजनाओं के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से दशार्ती है।

### माइक्रोस्कोप परीक्षण उपकरण प्राप्त करने वाले विद्यालय:

- कंपोजिट विद्यालय, मुस्तफाबाद
- कंपोजिट विद्यालय, तिरथली
- हाहादेवपुरम बालिका विद्यालय
- कंपोजिट विद्यालय, कुरेब
- कंपोजिट विद्यालय, पचोकरा
- कंपोजिट विद्यालय, जेवर-2
- कंपोजिट विद्यालय, जेवर खदर

# नरेन्द्र मोहन पॉलिक्लीनिक ने करहेड़ा में लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

## नरेन्द्र मोहन मेकिन्स लिमिटेड के CSR सहयोग से बच्चों को मिला स्वास्थ्य परीक्षण व शैक्षिक सामग्री

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नरेन्द्र मोहन पॉलिक्लीनिक द्वारा मोहन मेकिन्स लिमिटेड (CSR सहयोग) से आज दिनांक 29 जनवरी 2026 को कम्पोज़िट विद्यालय, करहेड़ा में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर (फ्री कैम्प) का आयोजन किया गया। शिविर में डॉक्टर विनायक द्वारा विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

इस अवसर पर बच्चों को पेंसिल बॉक्स, नोटबुक एवं स्कूल बैग का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल के साथ-साथ उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रशासन एवं स्टाफ का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। आयोजन ने सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं शिक्षा दोनों क्षेत्रों में सकारात्मक संदेश दिया।






Printed and Published by Manisha Bhargava at Nutan Offset Printing Press, House N.o- 9, Maliwara, Ghaziabad. 201001 and Published at Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.). **Editor:** Manisha Bhargava, **Sub Editor:** Dheeraj Kumar** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** 101248 (UPBIL/2009/28691), **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Mob. 98105 22380, 98718 95198. Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.